तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के नवनियुक्त ...



11 ताराकोरी में चंद महीनों में उखड़ी नहर की ...



खबर संक्षेप

चेन स्नेचिंग के मामले में चार गिरफ्तार

भिलाई। चेन स्नेचिंग मामले को लेकर पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर क्षेत्र में जनवरी 2026 में हुई लूटपाट के वारदात में पुलिस ने बापूनगर, झंडा चौक, वार्ड44, थाना खुर्सीपार निवासी सूरज बढ़ाई, वार्ड 1, कांटी चौक, अहिवारा लक्ष्मण साहू, 32 एकड़, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जामुल कुलदीप सिंह, कैवल्य धाम, कुम्हारी दीप सिंह उर्फ दीपक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 19 ग्राम 410 मिलीग्राम गलाया हुआ सोना, एक्टिवा वाहन, बाइक जब्त किया गया है। शिकायत पदुम नगर भिलाई तीन निवासी एस. मुरली मनोहर पत्नी एम. माधवी के साथ कपड़े की दुकान से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पता पूछने के बहाने आरोपियों ने पत्नी के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए थे।

तलवार लहराते दो को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। तलवार लहराते कुख्यात आदतन बदमाश और महादेव सट्टा एप्प में शामिल दीपक नेपाली के भाई नीरज कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ शुभम यादव नामक युवक को भी पुलिस ने पकड़ा है। दोनों कैंप-1 क्षेत्र के निवासी हैं। दोनों युवक के पास से दो स्टील की तलवारें और तीन मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 23 अक्टूबर को वैशाली नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दो युवक धारदार तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर नीरज सिंह और शुभम को पकड़ लिया। तलवार की कीमत करीब 4,500 रुपए और जब्त किए गए दोनों मोबाइल फोन की कीमत करीब 60 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी शुभम यादव के पास से स्टील की तलवार और मोबाइल फोन मिला है। तलवार की कीमत करीब 5 हजार रुपए है। दोनों आरोपियों से जब्त तलवारों की कुल कीमत 9,500 रुपए है।

अवैध रूप से बांग्लादेश से आकर बसी महिला को भेजा गया देश से बाहर

भिलाई। बांग्लादेश से आकर चोरी-छिपे दुर्ग में रह रही रीना अख्तर नामक महिला को पुलिस ने वापस उसके देश भेज दिया है। महिला को डिपोर्ट किया गया। विदेशी नागरिकों की पहचान एवं सत्यापन के लिए की जा रही कार्रवाई के दौरान रीना अख्तर की पहचान बांग्लादेशी नागरिक के रूप में हुई थी। पुलिस ने वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद एसटीएफ की मदद से महिला को पश्चिम बंगाल भेजा। वहां इंटेलिजेंस ब्यूरो आईबी एवं सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से समन्वित कार्रवाई करते हुए 23 अक्टूबर को रीना अख्तर को सीमा पार कराया गया।

बिजली लाइन के नाम पर हजारों पेड़ों की कटाई, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

वन विभाग ने अनुमति से किया इनकार, विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

सोंढ से पतोरा तक नहर किनारे बिजली लाइन बिछाने के नाम पर हरे-भरे पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। एक निजी कंपनी पर बिना अनुमति हजारों पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का दावा है कि कंपनी के कर्मचारियों ने वन विभाग से अनुमति मिलने की बात कही थी, लेकिन संबंधित वन विभाग के परिक्षेत्रीय अधिकारी ने कटाई के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति जारी किए जाने से इनकार किया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने बेरला विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपकर जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मामला जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत ग्राम पंचायत पतोरा क्षेत्र में सोंढ से पतोरा जाने वाली नहर के किनारे का है।





विद्युत विभाग को ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

मामले के विरोध में ग्रामीणों ने बेरला विद्युत विभाग को लिखित ज्ञापन सौंपा है। इसमें पेड़ों की कटाई की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित कंपनी की अनुमति और अनापत्ति प्रमाण पत्र की जांच करने तथा अनियमितता पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने कटाई से जुड़े वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि पेड़ों की कटाई पर रोक लगाकर मामले में कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन किया जाएगा। अब मामले में संबंधित विभागों की जांच और कंपनी के पास उपलब्ध अनुमति संबंधी दस्तावेजों की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही कटाई की वैधता तय हो सकेगी।

ग्रामीणों के अनुसार, विद्युत लाइन विस्तार के लिए काम कर रही निजी कंपनी द्वारा बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। जब ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से अनुमति और अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी मांगी, तो वन विभाग से अनुमति होने की बात कही गई। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के परिक्षेत्रीय अधिकारी ने इस तरह की कटाई के लिए विभाग से अनुमति नहीं लिए जाने की ▶▶|शेष पेज 11 पर

सियासत : देवरबीजा में कांग्रेस की सभा से उठा विवाद, पूर्व विधायक बोले- बयान पर अडिग हूं,

भाजपा-आरएसएस पर पूर्व विधायक गुरुदयाल का अमर्यादित टिप्पणी से मचा सियासी संग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा ने जताई कड़ी आपत्ति, 28 अक्टूबर को बैठक, रणनीति बनाने की चर्चा

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंग बंजारे के एक बयान ने जिले की राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया है। ग्राम देवरबीजा में बिजली समस्याओं को लेकर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान आयोजित सभा में बंजारे ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को 'अंग्रेजों की अवैध संतान' कह दिया।

उनके इस बयान पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ और कार्यकर्ताओं के सम्मान पर हमला बताया है। दूसरी ओर बंजारे अपने बयान पर कायम हैं। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भों का हवाला देते हुए भाजपा नेताओं को खुले मंच पर बहस करने की चुनौती दी है। बयान को लेकर दोनों पक्षों के आमने-सामने आने से जिले में राजनीतिक टकराव बढ़ने के आसार हैं।



मंच से कहा- पूरी जिम्मेदारी से कह रहा हूं

आयोजित सभा में कांग्रेस के पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंग बंजारे ने अपने संबोधन में कहा कि वह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि भाजपा और आरएसएस अंग्रेजों की अवैध संतान हैं। उनके इस बयान के सामने आने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। सभा में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र चौबे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे।

सभा पश्चात देवरबीजा में कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं, बढ़ते बिजली बिलों और भाजपा सरकार की कथित वादाखिलाफी के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड से बिजली कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला, धरना दिया और कार्यालय का घेराव कर उपभोक्ताओं की समस्याएं उठाईं। इस दौरान विरोध स्वरूप स्मार्ट मीटर भी बिजली कार्यालय में सौंपा गया। कांग्रेस ने वोट चोरी के मुद्दे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए पुतला दहन भी किया।

लोकतंत्र में अपमानजनक भाषा का अधिकार नहीं: अंजय बघेल

जिला पंचायत सभापति अंजय बघेल ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए राजनीति केवल सत्ता हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का जरिया है। गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने वाले कार्यकर्ताओं को अपमानित करने की कोशिश कांग्रेस की संकीर्ण राजनीतिक सोच को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक राजनीतिक दल को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन विरोधियों के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल उचित नहीं है। जनता ऐसे बयानों का मूल्यांकन करती है और लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देती है। उन्होंने कांग्रेस से व्यक्तिगत टिप्पणियों के बजाय जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करने की अपेक्षा जताई।

बंजारे बयान पर कायम, भाजपा को बहस की चुनौती

विवाद के बाद हरिभूमि से चर्चा में गुरुदयाल सिंह बंजारे ने अपने बयान में कहा कि इतिहास में दर्ज है कि भाजपा और आरएसएस अंग्रेजों की गुलामी करते थे और उनके नक्शे कदम पर चलते हैं। वर्तमान में देश की जनता पर इनके शीर्ष नेतृत्व अंग्रेजों की फूट डालो ओर दमनकारी नीतियों का पालन कर देश की तरक्की को पीछे धकेल रहे। बंजारे ने कहा कि इसी आधार पर उन्होंने यह टिप्पणी की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अपने बयान पर अडिग हैं और भाजपा के नेता चाहें तो खुले मंच पर बहस कर सकते हैं। बंजारे के इस रुख से विवाद और गहराने के संकेत हैं। उन्होंने बयान से पीछे हटने के बजाय अपनी बात के समर्थन में ऐतिहासिक संदर्भों को आधार बनाया है। अब भाजपा की ओर से इस टिप्पणी के विरोध के बीच दोनों पक्षों के बीच राजनीतिक बहस तेज हो गई है।

सार्वजनिक स्पष्टीकरण की मांग, आंदोलन की भी चर्चा

भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू और जिला पंचायत सभापति अंजय बघेल ने गुरुदयाल सिंग बंजारे से बयान पर सार्वजनिक स्पष्टीकरण देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं के प्रति ऐसी भाषा के प्रयोग से बचना चाहिए। वहीं, राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, भाजपा संगठन में 28 अक्टूबर को इस मुद्दे पर बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा किए जाने की संभावना है। पूर्व विधायक के खिलाफ आंदोलन और कानूनी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार किए जाने की भी चर्चा है। हालांकि, इस संबंध में संगठन की ओर से औपचारिक निर्णय की पुष्टि नहीं हुई है। बहरहाल बिजली समस्याओं और स्मार्ट मीटर के विरोध से शुरू हुआ कांग्रेस का प्रदर्शन अब भाजपा- आरएसएस पर टिप्पणी के कारण राजनीतिक विवाद में बदल गया है। एक ओर बंजारे अपने बयान पर कायम रहते हुए बहस की चुनौती दे रहे हैं, तो दूसरी ओर भाजपा नेता इसे कार्यकर्ताओं के सम्मान से जोड़कर विरोध जता रहे हैं। ऐसे में आगामी दिनों में इस मुद्दे पर जिले की राजनीति और गरमाने की संभावना है।

भाजपा बोली- राजनीतिक हताशा और औपनिवेशिक मानसिकता का प्रमाण

बंजारे के बयान पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू और जिला पंचायत सभापति अंजय बघेल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। दोनों नेताओं ने टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि राजनीतिक विरोध और व्यक्तिगत अपमान के बीच अंतर समझना चाहिए। उनके अनुसार, तथ्यों और विचारों के आधार पर जवाब देने के बजाय इस तरह की भाषा का इस्तेमाल राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्रहित को व्यक्तिगत हित से ऊपर रखकर समाजसेवा करता है और संगठन के लिए लगातार काम करता है। ऐसे कार्यकर्ताओं को 'अंग्रेजों की औलाद' कहना उनके स्वाभिमान पर हमला है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान सेवा, संघर्ष और राष्ट्र प्रथम के संकल्प से है। ऐसी टिप्पणियों से उनका मनोबल कमजोर नहीं होगा। साहू ने कांग्रेस नेताओं को अपने राजनीतिक इतिहास और बयानबाजी की भाषा पर आत्ममंथन करने की नसीहत देते हुए कहा कि राष्ट्रसेवा में जुटे कार्यकर्ताओं पर टिप्पणी करने से पहले अपनी भाषा और राजनीतिक आचरण पर विचार करना चाहिए।

बाइक से गांजा तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार, 1.13 लाख का माल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दाढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने बाइक से गांजा का अवैध परिवहन करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 19 ग्राम गांजा, बाइक और दो मोबाइल सहित कुल 1 लाख 13 हजार 950 रुपये की सामग्री जब्त की गई है।

- मुंगेली से गांजा खरीदकर लाने की बात आई सामने

पुलिस के अनुसार, आरोपी मोबाइल के माध्यम से मुंगेली के एक व्यक्ति के संपर्क में थे और वहां से गांजा खरीदकर लाए थे। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 24 अक्टूबर को दाढ़ी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बाइक से नवागढ़ की ओर से गांजा लेकर ग्राम बिरसिंघी की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए साइबर सेल और थाना दाढ़ी की संयुक्त टीम ने बिरसिंघी खार कच्ची मार्ग पर घेराबंदी ▶▶|शेष पेज 11 पर

सप्लाई से जुड़े व्यक्ति की तलाश

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने मोबाइल के माध्यम से मुंगेली के एक व्यक्ति से संपर्क कर वहां से गांजा खरीदकर लाने की बात बताई है। पुलिस ने मामले में गांजा की आपूर्ति से जुड़े व्यक्ति की तलाश जारी होने की जानकारी दी है। कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी दाढ़ी प्रशिक्षु उप निरीक्षक सूरज प्रकाश सहित साइबर सेल और थाना दाढ़ी की टीम शामिल रही।

जुआ खेलते 6 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



परपोड़ी के बांधा रोड वार्ड क्रमांक-3 में मोमबत्ती की रोशनी में 52 पत्ती ताश पर रुपये-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से जुआरियों और फड़ से कुल 14 हजार 710 रुपये नगद, एक मोमबत्ती और 52 पत्ती ताश जब्त की है।

मामले में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना परपोड़ी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बांधा रोड वार्ड क्रमांक-3 में कुछ लोग मोमबत्ती की रोशनी में ताश के पत्तों पर रुपये-पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सोनकर के नेतृत्व में प्रशिक्षु उप निरीक्षक विजयेन्द्र कुमार कश्यप एवं पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर कुछ लोग भाग निकले, जबकि मौके से छह लोगों को पकड़ लिया गया।

ये छह आरोपी पकड़े गए

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में बसंत साहू (37), निवासी वार्ड-5; नरेश साहू (51), धनेश्वर निषाद (22) और भोला साहू (34), निवासी वार्ड-4; अगेश साहू (23), निवासी वार्ड-2 तथा किशन साहू (24), निवासी वार्ड-5, परपोड़ी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में एक प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की है।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर चयन

बेमेतरा के 13 खिलाड़ी राष्ट्रीय एथलेटिक्स मीट में दम दिखाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के 13 युवा एथलीट राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला एथलेटिक्स मीट-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन नेशनल इंटर-डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट-2026 के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक हैदराबाद में आयोजित होगी।

जिले के चारों विकासखंडों के खिलाड़ियों की भागीदारी और 13 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन जिले की खेल प्रतिभाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में ऑलॉन्स पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें बेमेतरा, बेरला, साजा और नवागढ़ विकासखंड के लगभग 155 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, बाधा दौड़, बैक थ्रो और गोला फेंक सहित विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।



इन खिलाड़ियों का हुआ चयन: अंडर-14 बालक वर्ग के ट्रायथलॉन ए में करण साहू, ट्रायथलॉन बी में सनी रंजन और ट्रायथलॉन सी में रोशन कुमार का चयन हुआ है। इसी वर्ग की बालिकाओं में ट्रायथलॉन ए के लिए अंशिका पैंकरा, ट्रायथलॉन बी में पवनीगनाग और ट्रायथलॉन सी में शालिनी मरकाम ने जगह बनाई है। अंडर-16 बालक वर्ग में भाला फेंक के लिए लोकेश कुमार साहू, गोला फेंक में सतपाल सिंह, ऊंची कूद में रजनीश भारद्वाज और 600 मीटर दौड़ में सिद्धांशु राज का चयन हुआ है। वहीं, बालिका वर्ग में भाला फेंक के लिए नीलशिखा, 60 मीटर दौड़ में डिंपल ठाकुर और 600 मीटर दौड़ में रिचा साहू राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले की उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने के साथ उन्हें उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना था। आयोजन का संचालन जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव अरुण पाल के निर्देशन में हुआ। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के भोजन की व्यवस्था भी की गई। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नमन अरोड़ा ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जिले के 13 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होना गर्व की बात है। यह उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। ▶▶|शेष पेज 11 पर

चार साल से अधूरा पड़ा 20 लाख का किसान भवन, छज्जे तक पहुंचकर थमा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर



साजा विकासखंड के ग्राम पंचायत बुधवारा के आश्रित ग्राम बासीन में करीब 20 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत किसान भवन चार साल बाद भी अधूरा पड़ा है। मुख्य सड़क किनारे बने भवन का निर्माण छज्जे के स्तर तक पहुंचने के बाद रुक गया। देखरेख के अभाव में अधूरा ढांचा अब जर्जर होने लगा है।

- बासीन में दीवारों का ढांचा बनाकर छोड़ दिया काम, ग्रामीणों ने मंडी बोर्ड की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

इससे किसानों को जिस सुविधा की उम्मीद थी, वह अब तक पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने निर्माण में देरी के लिए ठेकेदार की कार्यशैली और मंडी बोर्ड की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। देवकर से महज तीन किलोमीटर दूर स्थित बासीन में किसान भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ राज्य मंडी विपणन बोर्ड के माध्यम से कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, भवन का उद्देश्य किसानों को धान खरीदी से जुड़ी गतिविधियों, बैठकों और अन्य कृषि संबंधी कार्यों के लिए सुविधा उपलब्ध कराना था। लेकिन निर्माण शुरू होने के बाद दीवारों का ढांचा खड़ा कर काम बंद कर दिया गया। चार साल बीतने के बावजूद छत ढलाई और फिनिशिंग का काम पूरा नहीं हो सका है।

दूसरे गांवों में भवन तैयार, बासीन में इंतजार

ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के कई गांवों में किसान भवन बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि बासीन में स्वीकृत भवन अब तक अधूरा है। इससे किसानों में नाराजगी है। उनका सवाल है कि जब भवन के ▶▶|शेष पेज 11 पर

मतदाता का नाम सूची में हो, चुनाव प्रक्रिया रहे पारदर्शी, विशेषज्ञों ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मतदाता सूची की शुद्धता, निष्पक्ष चुनाव और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के उद्देश्य से लोक जागरण मंच द्वारा साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में नागरिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत संपन्न हुआ। संगोष्ठी का उद्देश्य एसआईआर के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करना, इसकी प्रक्रिया एवं उद्देश्य की जानकारी देना तथा इसे लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को तथ्यों के माध्यम से दूर करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बलदाऊ राम साहू, सहवक्ता शताब्दी पांडेय एवं शशांक शर्मा ने एसआईआर के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, सरिता मिश्रा, संतोष सोनी एवं कांतिलाल जैन मंचासीन रहे। संगोष्ठी में प्रबुद्धजन, चिकित्सक, प्रोफेसर, अधिवक्ता, शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े नागरिकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने मतदाता सूची के सत्यापन, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रश्नोत्तरी एवं संवाद के माध्यम से उपस्थित नागरिकों की जिज्ञासाओं पर चर्चा की गई।

एसआईआर के समर्थन में लोक जागरण मंच ने साइंस कॉलेज में आयोजित की नागरिक संगोष्ठी

एसआईआर लोकतंत्र की महत्वपूर्ण प्रक्रिया

मुख्य वक्ता बलदाऊ राम साहू ने कहा कि एसआईआर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना बेहद जरूरी है। लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाना और एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करना है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में रहे और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी रहे। शताब्दी पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का मत है और उस मत की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सही मतदाता सूची आवश्यक है। एसआईआर को लेकर आम जनमानस के बीच तथ्यों को स्पष्ट करना और लोगों को इसकी प्रक्रिया की जानकारी देना समय की जरूरत है। लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों तक सही जानकारी पहुंचाने, भ्रम की स्थिति दूर करने और प्रत्येक पात्र मतदाता को उसके लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।





राजनीतिक भ्रम के बजाए तथ्यों के आधार पर हो संवाद

सहवक्ता शशांक शर्मा ने कहा कि एसआईआर जैसी महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया पर राजनीतिक भ्रम फैलाने के बजाय तथ्यों के आधार पर संवाद होना चाहिए। मतदाता सूची का सत्यापन चुनावी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने में सहायक हो सकता है। लोक जागरण मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता को एसआईआर के उद्देश्य एवं प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्धारित नियमों के अनुसार कार्य होना चाहिए। अलका बाघमार, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने भी विचार रखे। संचालन सरिता मिश्रा और आभार शैलेंद्र शेंडे ने व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

आचार्य नानालाल और रामलाल के पदारोहण दिवस पर 28 को सामूहिक आयंबिल





दुर्ग। आचार्य प्रवर 1008 नानालाल जी म.सा. की 27वीं पुण्य स्मृति एवं जैनाचार्य 1008 रामलाल म.सा. के आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर 28 अक्टूबर, बुधवार को सामूहिक आयंबिल का आयोजन किया जाएगा। साधुमार्गी जैन संघ, दुर्ग एवं ओसवाल पंचायत, दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में जैन संत मनीष मुनि म.सा., पूज्य प्रणत मुनि एवं साध्वी हेमप्रभा का सानिध्य प्राप्त होगा। आचार्य प्रवर नानालाल म.सा. समता विभूति, धर्मपाल प्रतिबोधक एवं चारित्र चूड़ामणि के रूप में श्रद्धालुओं के हृदय में विशेष स्थान रखते हैं। उन्होंने व्यसन मुक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देकर जन-जन के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी पुण्य स्मृति में आयोजित यह आयोजन श्रद्धा, संयम, तपस्या और आध्यात्मिक साधना को समर्पित रहेगा। आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष 28 अक्टूबर को आयंबिल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के श्रावक-श्राविकाओं को आयंबिल तप करने का संकल्प लेने और संयम-साधना के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

टीमों को 25-25 हजार की प्रोत्साहन राशि, बानबरद स्कूल का होगा उन्नयन, बनेगी बीटी सड़क

गनियारी होगा कला ग्राम के रूप में विकसित, हाईस्कूल पहचाना जाएगा पंडवानी गायिका तीजन के नाम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अंतर्राष्ट्रीय कलाकर दिवस पर अहिवारा के बानबरद में शनिवार को आयोजित पंडवानी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक ललित चन्द्राकर, रिकेश सेन, ईश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। विष्णु देव साय ने कहा कि ज्ञानश्रोत कला मंच द्वारा पिछले 46 वर्षों से लगातार काम कर रहा है। 46 साल का सफल बहुत बड़ा होता है। इस संस्था ने अपनी हमारी लोककला और संस्कृति को जीवित रखा है। उन्होंने पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित पंडवानी कलाकार स्वर्गीय तीजन बाई को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंडवानी एक ऐसी अनूठी विधा है, जिसमें एक ही कलाकार महाभारत कथा के विभिन्न पात्रों की भूमिका को जीवंत रूप में अदा करता है।

डॉ. तीजन बाई की स्मृतियों को चिर स्थायी बनाने और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए हमारी सरकार ने अनेक पहल की है। उनके गृह ग्राम गनियारी को कला ग्राम के रूप में विकसित करने और हाई स्कूल का नामकरण तीजन बाई के नाम पर करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंडवानी को विश्व पटल पर खास पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई के नाम पर लोककला अलंकरण राज्योत्सव के दौरान इसी साल से देने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ी सिनेमा और स्थानीय कलाकारों को व्यापक मंच प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ फिल्म विकास बोर्ड का गठन किया गया है। इसके तहत नया रायपुर में लगभग 300 से 400 करोड़ रुपये की लागत से फिल्म सिटी विकसित की जा रही है, जिसकी अध्यक्षता सुश्री मोना सेन संभाल रही हैं। इस पहल से छत्तीसगढ़ी फिल्मों और अन्य फिल्म निर्माण गतिविधियों को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पद्मश्री उषा बारले और ज्ञानश्रोत लोककला मंच को इस सफल और भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही आयोजकों की मांग पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सम्मलेन में शामिल 70 टीम जिसमें 04 पंथी एवं 03 आदिवासी नृत्य दल शामिल है, प्रत्येक टीम के लिए 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता, मिडिल स्कूल बानबरद को हाई स्कूल में उन्नयन करने और अहिवारा रेलवे क्रासिंग से अटल परिसर तक बीटी रोड निर्माण की घोषणा की।

बानबरद में आयोजित पंडवानी महासम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय





छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने जिले के कलाकारों का भी योगदान

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के संस्कृति को आगे बढ़ाने में यहां के कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यहां के लोकगीत और लोक नृत्य हमारी पहचान है। पंडवानी, पंथी, भरथरी, ददरिया और सुवा नृत्य हमारे जीवन का हिस्सा है। ये केवल गीत या नृत्य नहीं है। ये हमारी आत्मा है। जो हमारी समृद्ध परम्पराओं और मूल्यों को दर्शाते हैं। उन्होंने प्रतिवर्ष आयोजित इस महासम्मेलन को आगे भी जीवंत रखने कलाकारों का आव्हान किया। सम्मलेन को विधायक रिकेश सेन ने भी सम्बोधित किया। इस भव्य कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. उषा बारले द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। उन्होंने कलाकरों के विभिन्न मांगों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष विद्यासेन कुशवाहा एवं अन्य जनप्रतिनिधि, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल तथा प्रदेश भर से सम्मेलन में पहुंचे विभिन्न विधाओं के कलाकार और बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पंडवानी ने पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ को दिलाई पहचान

विष्णुदेव साय ने कहा कि पंडवानी एक ऐसी विधा है, जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ को पूरी दुनिया में पहचान मिली है। हमारे पंडवानी कलाकारों ने न्यूयॉर्क, पेरिस और लंदन तक महाभारत की कथाओं पर आधारित प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया है। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से न केवल छत्तीसगढ़ की परंपरा को जीवित रखा है, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा को वैश्विक मंचों तक पहुँचाया है। पंडवानी आज हमारी लोक चेतना, नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बन चुकी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज मुझे पंडवानी के पुरोधा स्वर्गीय झाड़ूराम देवांगन की स्मृति भी हो रही है। जब वे हाथ में तंबूरा लेकर प्रस्तुति देते थे, तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते थे। पंडवानी गायन में महिला कलाकारों की विशेष सफलता उल्लेखनीय रही है। मुझे स्वर्गीय लक्ष्मी बंजारे जी का भी स्मरण हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि हमारी धरती पर तीजन बाई जैसी विभूति हुईं, जिन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण तीनों सम्मान प्राप्त हुए हैं। जब वे तंबूरा लेकर आलाप भरती हैं, तो ऐसा लगता है मानो आकाश के देवी-देवता भी उन्हें सुन रहे हों। साय ने कहा कि मैंने अनेक अवसरों पर तीजन बाई जी की पंडवानी सुनी है। श्याम बेनेगल की भारत एक खोज में उनका पंडवानी गायन दृश्य मन को आनंद और उत्सुकता से भर देता है।

बीएसपी में माइंस सेफ्टी फोर्टनाइट सेलिब्रेशन की हुई जनरल बॉडी मीटिंग



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के दल्लीराजहरा लौह अयस्क खदान द्वारा खदान सुरक्षा महानिदेशालय बिलासपुर क्षेत्र-1 एवं 2 तथा रायगढ़ द्वारा आयोजित वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत जनरल बॉडी मीटिंग भिलाई निवास के सभागार में हुई। अध्यक्षता खदान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र-1 के अध्यक्ष इरफान अंसारी, खदान सुरक्षा निदेशक एवं सह-अध्यक्ष, बिलासपुर क्षेत्र-2 अल्ताफ हुसैन, उप निदेशक खदान सुरक्षा एवं सह-अध्यक्ष, रायगढ़ क्षेत्र सनथ कुमार पी., बीएसपी के कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर, अरुण कुमार; उपाध्यक्ष एवं सीजीएम , सीजीओएम, श्री ए.के. सिंह, सचिव एवं जीएम , बीरेंद्र कुमार, संयोजक, डीडीएमएस, बिलासपुर क्षेत्र-1 शिव कुमार पी. तेम्बाड; सीजीएम चिंतला श्रीकांत, सीजीएम (रावघाट) श्री अनुपम बिष्ट ने की। कार्यक्रम में खदान सुरक्षा महानिदेशालय, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र तथा दल्ली राजहरा एवं रावघाट खदानों के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिभागी खदानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

श्री अंसारी ने सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन, खदानों में नियमित निरीक्षण के माध्यम से सुरक्षित कार्यप्रणाली, निरीक्षण दल के गठन में निर्धारित मानकों का ध्यान रखने तथा निरीक्षण प्रक्रिया में सभी संबंधित सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। श्री हुसैन ने कहा कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरीक्षण, तकनीकी प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से खदानों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ एवं नवाचारी कार्यप्रणालियों को साझा किया जाना चाहिए। कमल भास्कर व अरुण कुमार ने खदानों सुरक्षा में जागरुकता का आह्नान किया। स्वागत भाषण एके सिंह व बिरेन्द्र कुमार ने खदान गतिविधियों पर प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम का संचालन रजनी रजक व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक प्रभारी विपिन कुमार ने किया।

बीएसपी में पीएम इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत 68 इंटर्न की ज्वॉइनिंग



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास (एचआर-एलएंडडी) विभाग द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 68 इंटर्न की जॉइनिंग की प्रक्रिया पूरी की गई।160 इंटर्नशिप के लक्ष्य के तहत 109 इंटर्न ने कार्यभार ग्रहण किया है। इंटर्न की जॉइनिंग प्रक्रिया के तहत एचआर-एलएंडडी विभाग द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन एवं आवश्यक प्रारंभिक औपचारिकताएं पूरी की गईं। जॉइनिंग करने वाले इंटर्न विभिन्न भूमिकाओं में कार्य करेंगे। इनमें प्रशासन इंटर्न, एमएलटी इंटर्न, प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, कार्यालय इंटर्न, मल्टी टास्किंग स्टाफ तथा एचआर इंटर्न शामिल हैं।

कार्यक्रम के तहत इंटर्न को एचआर-एलएंडडी विभाग में दो दिवसीय परिचयात्मक प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें तीन दिवसीय संयंत्र भ्रमण कराया गया। संयंत्र भ्रमण पूरा होने के बाद इंटर्न को संयंत्र के विभिन्न विभागों में पदस्थ किया जा रहा है। परिचयात्मक प्रशिक्षण के दौरान इंटर्न को संयंत्र के संगठनात्मक वातावरण, कार्यस्थल की अपेक्षाओं, व्यावसायिक आचरण एवं औद्योगिक सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं, संयंत्र भ्रमण के माध्यम से उन्हें औद्योगिक परिचालन, उत्पादन प्रक्रियाओं तथा विभिन्न विभागों के कार्यों को करीब से समझने का अवसर मिला। इससे उन्हें अपने शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक कार्यों से जोड़ने में सहायता मिलेगी। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य युवाओं को वास्तविक व्यावसायिक वातावरण में कार्य करने का अनुभव प्रदान करना तथा शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को

महापौर की निधि से बनेगा चबूतरा और शौचालय, वार्डों में होंगे विकास कार्य



भिलाई। रिसाली महापौर शशि सिन्हा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भूमिपूजन किया। महापौर निधि से आशीष नगर, पुरैना एनएसपीसीएल, डुण्डेरा पूर्व व रूआबांधा में प्रवेश द्वार का जीर्णोद्धार, चबूतरा व शौचालय निर्माण का कार्य होगा। उन्होंने चार वार्डों के लिए कुल 6 लाख 9 हजार की राशि स्वीकृत की है। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि विकास निरंतर प्रक्रिया है। उनकी प्राथमिकता रही है कि आवश्यकता अनुसार कार्यों को कराना। उन्होंने कहा कि महापौर के रूप में शपथ लेते ही नागरिकों से रूबरू होकर समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास किया है। यही वजह है कि नागरिकों के मांग के अनुसार ही उन्होंने राशि स्वीकृत की। महापौर निधि से वार्ड 25 आशीष नगर में 1 लाख 44 हजार की लागत से प्रवेश द्वार जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसी तरह वार्ड 39 एनएसपीएसीएल पुरैना में और वार्ड 36 डुण्डेरा पूर्व में चबूतरा निर्माण के लिए 1.69, 1.69 की राशि स्वीकृत की है। महापौर शशि ने इसके अलावा वार्ड 2 रूआबांधा में शौचालय निर्माण के लिए 1 लाख 27 हजार की राशि स्वीकृत की है। भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य ममता यादव, जमुना ठाकुर, रोहित धनकर, रंजीता बेनुआ, पार्षद पार्वती महानंद, खिलेन्द्र चंद्राकर, विधायक

निर्माण के नाम पर खुदाई के चलते जेल तिराहा पुलगांव बायपास रोड से पद्मनाभपुर के दो वार्डों में प्रवेश बंद



दुर्ग। पद्मनाभपुर के दो वार्ड में बायपास से पहुंच मार्ग को बंद कर दिया गया है। इसके बंद होने से बढ़ी आबादी परेशान हो रही है। बुजर्ग और बच्चों के अलावा भिलाई से आने-जाने वालों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। जेल तिराहा से बाफना मंगलम तक 1 किलोमीटर में कालोनी के 8 कनेक्टिंग रोड को नाली निर्माण के नाम से खुदाई के कारण प्रवेश बंद होने से बच्चों की स्कूल बस बुजुर्गों का अस्पताल व त्योहारी सीजन होने के कारण महिलाओं का बाजार आवागमन में दिक्कतों के कारण रोष है। वही दूसरी तरफ निगम के द्वारा कॉलोनी के भीतरी नालियों में पुलिया निर्माण में देरी से कॉलोनी के दोनों वार्ड के निवासियों को समस्या खड़ी हो गई है। पूर्व पार्षद राजेश शर्मा ने लोकनिर्माण व निगम के अधिकारियों से अपील की है कि विकास करें किन्तु कॉलोनी की 7000 आबादी को होने वाले विकास कार्यों की वजह से परेशानी न उठानी पड़े।

वार्ड 10, 11 एवं 13 में सड़कों का होगा नवीनीकरण, नागरिकों को होगी सुविधा

86.84 लाख से होगा शहर की सड़कों का बीटी रोड रिनिवल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में नागरिकों को बेहतर सड़क एवं आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में बीटी

- महापौर अलका बाघमार ने किया भूमिपूजन

रोड रिनिवल डामरीकरण एवं सड़क नवीनीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, वार्ड पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, शेखर चन्द्राकर, आशीष चन्द्राकर, मनीष कोठारी, रंजीता पाटिल, युवराज कुंजम, अजित वैध, उप अभियंता करण यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक की मौजूदगी में वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 13 में 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत सड़क नवीनीकरण कार्यों का भूमिपूजन कर विकास कार्यों की शुरुआत की।

प्रथम चरण में वार्ड 10 में दुर्गा चौक से बुद्ध विहार तक तथा वार्ड क्रमांक 11 में शंकर नगर बुद्ध विहार चौक से कुर्मी भवन एवं अन्य स्थानों तक बी.टी. रोड रिनिवल कार्य कराया जाएगा। इन कार्यों की कुल स्वीकृत लागत राशि 42.20 लाख है। सड़क नवीनीकरण से संबंधित क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने के साथ ही नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सकेगी।



कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश

वार्ड 13 में भी 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत विभिन्न बीटी रोड रिनिवल कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसके अंतर्गत मोहन नगर में कश्यप के घर से ईश्वर वर्मा के घर तक, आकाश दानी गली से लाल बिल्डिंग हैंडपंप होते हुए शीतला मंदिर तक तथा गुप्ता नर्सिंग होम से चंद्राकर के घर तक सड़क नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों की कुल लागत राशि 44.64 लाख है। इस प्रकार वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 13 में कुल 86.84 लाख की लागत से सड़क नवीनीकरण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से संबंधित क्षेत्रों में सड़क की स्थिति बेहतर होगी तथा आम नागरिकों, वाहन चालकों और स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना और नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है।

भारत लोकतंत्र से चलता है, किसी के तख्तापलट के मंसूबों से नहीं : विजय

भिलाई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लगातार विदेश यात्राओं और उनके सहयोगियों द्वारा देश में रेजीम चेंज तख्तापलट की बयानबाजी पर भाजपा नेता व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व क्रेडा



सदस्य विजय साहू ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि भारत एक जीवंत और मजबूत लोकतंत्र है, जहाँ सत्ता का फैसला जनता के वोट से होता है, किसी के विदेशी इशारों या अराजक मंसूबों से नहीं। विजय साहू ने कहा कि राहुल गांधी हाल ही में वियतनाम यात्रा पर गए हैं। वर्ष 2014 के बाद से वे अब तक 50 से अधिक विदेश यात्राएं कर चुके हैं, जिन पर करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं। यात्रा पर जाना उनका व्यक्तिगत विषय हो सकता है, लेकिन चिंता का विषय यह है कि उनकी यात्राओं के बीच उनके समर्थक और सहयोगी दल के नेता खुलेआम 'रेजीम चेंज', तख्तापलट और देश में खून-खराबे की धमकियां देने लगते हैं। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत द्वारा राहुल गांधी के लौटने पर 'रेजीम चेंज' की बात कहना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि विपक्ष लोकतांत्रिक जनादेश को पचा नहीं पा रहा है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि हमारे देश में सत्ता परिवर्तन की एक संवैधानिक और पारदर्शी व्यवस्था है। जनता जब चाहती है कांग्रेस को मौका देती है और जब चाहती है भाजपा-एनडीए को पूर्ण बहुमत से चुनती है। लेकिन तानाशाही की मानसिकता रखने वाले लोग ताकत के दम पर चुनी हुई सरकार को गिराने और देश की व्यवस्था पर कब्जा करने का कुत्सित सपना देख रहे हैं। विजय साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अपनी राजनीतिक विफलता छिपाने के लिए देश की सर्वोच्च अदालत, महामहिम राष्ट्रपति और भारत निर्वाचन आयोग जैसी स्वायत्त संवैधानिक संस्थाओं को लगातार निशाना बना रहे हैं।

धमधा में किसानों का आंदोलन तेज: 38 किसानों ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

48 दिनों से जारी भूख हड़ताल, आईडीबीआई बैंक पर कर्ज माफी के नाम पर छल का आरोप, मुख्यमंत्री निवास की दीवार पर चिपकाया ज्ञापन, 14 दिनों की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



कृषि ऋण संबंधी समस्याओं और कर्ज माफी की मांग को लेकर धमधा में बीते 48 दिनों से चल रही भूख हड़ताल अब राजनीतिक व बैंकिंग प्रशासनिक हलकों में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। एक तरफ किसान आईडीबीआई बैंक से जुड़े ऋण विवाद में राहत चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर आंदोलन की उपेक्षा को लेकर राजनीतिक दलों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

इसी बीच आंदोलनरत 38 किसानों द्वारा कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र देने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के किसी भी जनप्रतिनिधि के धरना स्थल पर न पहुंचने से क्षुब्ध होकर किसानों ने यह कदम उठाया।

किसानों का कहना है कि वे ऋण चुकाने को तैयार थे, लेकिन आईडीबीआई बैंक से मिले कर्ज माफी के कथित आश्वासन के कारण उन्होंने समय पर भुगतान नहीं किया। अब ब्याज जुड़ते-जुड़ते बकाया राशि मूलधन से तीन गुना तक बढ़ चुकी है। किसानों का तर्क है कि यदि समय पर स्थिति साफ कर दी जाती, तो वे एकमुश्त समझौते या अन्य माध्यम से समाधान कर लेते।

किसानों का आरोप है कि चुनिंदा 18 से 20 किसानों का शत-प्रतिशत कर्ज माफ कर दिया गया, जबकि अन्य किसानों को राहत देने के बजाय कुर्की के नोटिस थमाए जा रहे हैं। बैंक प्रबंधन न तो वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) पर बात कर रहा है और न ही समाधान की कोई पहल कर रहा है। हालांकि, इस पर बैंक प्रबंधन का आधिकारिक पक्ष आना अभी बाकी है।

अपनी मांगों के सिलसिले में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के निजी सचिव ने उनका ज्ञापन लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद किसानों ने अपना ज्ञापन मुख्यमंत्री निवास के पास स्थित दीवार पर चिपका दिया और 14 दिनों का अल्टीमेटम देकर लौट आए। किसानों का कहना है कि यदि तय सीमा में मांगें पूरी न हुईं, तो वे पुनः मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने किसानों की समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया है। इस्तीफा देने वाले प्रमुख किसानों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा को इस्तीफा सौंपने वालों में राजकुमार साहू, ओमप्रकाश पटेल, पंचराम साहू, देव चरण साहू, राधेश्याम, मनीराम, रामसिंह, बिसंभर साहू, अरुण साहू, सुभाष साहू, नरेश साहू, हेमराज, चैनलाल सहित कुल 38 किसान शामिल हैं।

खबर संक्षेप

उतई में बिना चीरा-टांका के की गई नसबंदी



उतई। खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) निकुम डॉ. डी. के. बेलचंदन के मार्गदर्शन में उतई में पुरुष नसबंदी शिविर आयोजित किया गया। इसमें एनएसवीटी सर्जन डॉ. ए. के. सान्याल और डॉ. दैवज्ञ चंद्राकर ने 8 हितग्राहियों का ऑपरेशन किया। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक गजेंद्र गंधर्व, मनीष देशलहरा, दिनेश पाटिल, मुकेश साहू, ऐश्वरी साहू, आशीष सिंह राजपूत, अनीता रामटेके, दिनेश्वरी देशमुख ने योगदान दिया। ऑपरेशन थिएटर में संदीप ठाकुर, श्याम मूर्ति और अरुण कुमार कोसरे का सहयोग रहा। दस्तावेजों का कार्य दामिनी साहू ने तथा नर्सिंग सहायता स्टाफ नर्स संगीता ठाकुर, प्राची रोहन सिंह व कविता ने संभाली।

नपा जामुल में मतदाता सूची पुनरीक्षण शिविर 30 तक

जामुल। नगर पालिका जामुल क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय निकाय निर्वाचन के लिए सभी वार्डों की मतदाता सूची में नाम की जांच करने तथा छूटे हुए नाम जुड़वाने के लिए 30 अक्टूबर तक विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। वार्ड 1, 2, 3, 4 और 6 के लिए शासकीय हाई स्कूल व पूर्व माध्यमिक शाला; वार्ड क्रमांक 5, 7, 9 और 10 के लिए रावण भाठा शासकीय प्राथमिक शाला; वार्ड क्रमांक 8, 12, 13, 14 और 15 के लिए एसीसी कॉलोनी प्राथमिक शाला भवन; वार्ड क्रमांक 16, 17 और 18 के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला शिवपुरी; तथा वार्ड क्रमांक 19 और 20 के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुरडुंग में शिविर लगाए गए हैं। यह आयोजन 23 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक जारी है, जिसमें मतदाता दावा-आपत्ति जमा कर सकते हैं। शिविर का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक है।

145 पौवा देशी शराब ले जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार

ओखरा/मुरमुंदा। नंदिनी नगर पुलिस ने अवैध मदिरा परिवहन के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए दो युवकों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से देशी शोले मसाला मदिरा के 145 पौवा और परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की गई है।

समस्या : मनरेगा से बनी नहर टूटी-धंसी, खेतों में पानी घुसने से किसानों की बढ़ी चिंता

ताराकोरी में चंद महीनों में उखड़ी नहर की गुणवत्ता, 35-40 लाख के निर्माण पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम ताराकोरी में बनाई गई छोटी नहर निर्माण पूरा होने के कुछ ही महीनों में टूटने और धंसने लगी है। तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग के अंतर्गत कराए गए इस कार्य की गुणवत्ता पर अब सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में लापरवाही और मिट्टी-मुरम की कमजोर फिलिंग के कारण नहर की संरचना क्षतिग्रस्त हो रही है।

■ मुरम फिलिंग और निर्माण गुणवत्ता पर सवाल

इससे पानी का बहाव प्रभावित होने के साथ खेतों में अनियंत्रित पानी पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता, लागत और निगरानी की जांच कराने की मांग उठाई है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार, तांदुला मुख्य नहर से सोढ़ शाखा नहर के माध्यम से पानी लाकर ताराकोरी नाले के आसपास के खेतों को सिंचाई सुविधा देने के लिए यह निर्माण कराया गया था। लेकिन नहर के कई हिस्सों में टूट-फूट और धंसाव सामने आने से योजना के उद्देश्य पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ स्थानों पर पानी जमा हो रहा है, जबकि क्षतिग्रस्त हिस्सों से पानी खेतों की ओर जाने की स्थिति बन रही है। किसानों को आशंका है कि इससे फसलों को नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नहर निर्माण के दौरान मिट्टी-मुरम की फिलिंग सही तरीके से नहीं की गई। इससे संरचना कमजोर हुई और बरसात के बाद कई जगह दरारें व धंसाव दिखाई देने लगे। नहर से जुड़ी वीआरबी संरचना के भी क्षतिग्रस्त होने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण की अनुमानित लागत करीब 35 से 40 लाख रुपये है। इसमें लगभग आठ लाख रुपये श्रमिकों के भुगतान तथा शेष राशि सामग्री पर खर्च होने की जानकारी दी जा रही है। हालांकि, परियोजना की वास्तविक स्वीकृत लागत और व्यय का आधिकारिक ब्योरा सामने आना बाकी है।

सूचना पटल नहीं, खर्च और कार्य की जानकारी अस्पष्ट

मनरेगा के तहत कराए गए इस निर्माण स्थल पर सूचना पटल नहीं होने की बात ग्रामीणों ने उठाई है। उनका कहना है कि बोर्ड नहीं होने से कार्य की स्वीकृत राशि, निर्माण एजेंसी, तकनीकी विवरण और कार्य अवधि जैसी जानकारियां सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हैं। इससे निर्माण की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित अभिलेख सार्वजनिक करने और मौके पर तकनीकी जांच कराने की मांग की है।

अधूरे काम का हवाला भुगतान रोकने की बात

मामले में तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग के अधिकारी आशुतोष सरस्वती से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। वहीं, सब-डिवीजन क्रमांक चार, बेरला के एसडीओ रोहन शॉ ने बताया कि नहर निर्माण मनरेगा के तहत कराया गया है और इसकी निगरानी उनके विभाग द्वारा की जा रही थी। उन्होंने कार्य की कुल लागत की स्पष्ट जानकारी नहीं दी। एसडीओ के अनुसार, काम फिलहाल अधूरा है और बरसात के बाद दोबारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने भुगतान रोके जाने की भी बात कही। वहीं, मनरेगा अधिकारी भूपेंद्र देवांगन ने इस कार्य के संबंध में कार्यालय में जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही। ऐसे में निर्माण की स्वीकृत लागत, अब तक हुए व्यय, भुगतान की स्थिति और गुणवत्ता संबंधी तकनीकी जांच का ब्योरा सामने आना बाकी है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कराकर निर्माण की जांच कराने और जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।



डिजिटल मंच पर सहेजी जा रही छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति नवागढ़ में जुटे लोक कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

छत्तीसगढ़ की लोककला, लोकगीत और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की पहल अब डिजिटल मंच पर नई पहचान बना रही है। प्रदेश के वरिष्ठ लोक कलाकार राकेश तिवारी ने शनिवार को नवागढ़ में कलाकारों से बातचीत की। इस दौरान प्रदेश के अलग-अलग अंचलों से पहुंचे लोक कलाकारों ने अपनी कला-यात्रा, लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक अनुभवों को साझा किया। राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और लक्ष्मण मस्तुरिया राज्य अलंकरण से सम्मानित राकेश तिवारी का यह प्रयास छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक विरासत को संरक्षित करने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। गांवों, कस्बों और दूरस्थ अंचलों में अपनी कला को जीवंत रख रहे कलाकारों को मंच देकर उनकी पहचान और योगदान को सामने लाने का प्रयास कर रहे है।

■ 'गाबो बजाबो गोठियाबो' में कलाकारों ने सुनाए अपने अनुभव

लोकगीत, पंडवानी और नाचा परंपरा से जुड़े कलाकार हुए शामिल

नवागढ़ के शिव खरे, ग्राम भदौरा के नारायण दास कोसले और पंडित सुंदर दास कोसले, ग्राम ताला के पंचम कुर्रे और संतोषी कुर्रे, मुंगेली क्षेत्र की मोर मयारू नाच पार्टी के मनोज पटेल और जुगल किशोर साहू ने सहभागिता की। ग्राम कामता की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका प्रेमशिला वर्मा ने भी अपनी कला और अनुभव साझा किए।

इसके अलावा लोरमी क्षेत्र के ग्राम दाऊकांपा से बिजया साहू और बिना साहू, पंडित चंदूलाल भास्कर, मुंगेली जिले के डोमननपुर से मालिक राम लहरे, नवागढ़ के ग्राम हांथाडांडु से भगवत प्रसाद निर्मलकर, जेवर-संबलपुर क्षेत्र से जुड़े कलाकार तथा नवागढ़ के नाथूराम साहू, हेमलता साहू और नूतन सिंह सहित अन्य कलाकारों ने हिस्सा लिया। कलाकारों ने अपने कला-सफर, लोकगीतों, लोकनृत्यों, पारंपरिक प्रस्तुतियों और क्षेत्रीय सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े अनुभव साझा किए। इन संवादों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति के विविध रंगों और उसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवित रखने वाले कलाकारों के योगदान को सामने लाने का प्रयास किया गया।

तबला-नाल की संगत ने बांधा समां

नारायण निषाद और भुवन लाल वर्मा ने तबला एवं नाल वादन में सहयोग दिया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की लयबद्ध संगत ने कार्यक्रम के सांगीतिक पक्ष को मजबूती दी। लोकधुनों और पारंपरिक संगीत से जुड़े इस सहयोग को सराहनीय माना गया। बेमेतरा के अभभन सेन तथा नवागढ़ के नाथूराम साहू का विशेष सहयोग रहा।

परिजनों ने मुक्तिधाम में किया पौधारोपण, दी भावभीनी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

निकटवर्ती ग्राम कोकड़ी में दिवंगत मुरली निषाद की स्मृति में आयोजित तीजनाहवन कार्यक्रम के दौरान परिजनों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद के मार्गदर्शन में परिजनों ने गांव के मुक्तिधाम परिसर में पीपल का पौधा रोपा। इस अवसर पर विकसित भारत योजना के तहत कार्यरत ग्रामीण महिलाओं ने भी पौधरोपण में सहभागिता की। कार्यक्रम में शैलेंद्र निषाद, मोहन निषाद, भावेंद्र निषाद, जतिन निषाद, बंशी निषाद और मिथलेश निषाद उपस्थित रहे। सभी ने लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद ने कहा कि दिवंगत प्रियजनों की स्मृतियों को प्रकृति के माध्यम से सदैव जीवित रखा जा सकता है। किसी की याद में वृक्षारोपण करना न केवल सच्ची श्रद्धांजलि है।

समाज में व्याप्त नशा रूपी रावण का वध करने की है आवश्यकता : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधायक ललित चंद्राकर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों रुआबांधा, ग्राम हनोदा, ग्राम झोला और ग्राम ठेलकाडीह में आयोजित भव्य दशहरा उत्सव कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ललित चंद्राकर ने सभी स्थानों पर प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और समस्त क्षेत्रवासियों को विजयादशमी एवं दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का शाश्वत संदेश देता है। यह पर्व हमें अपने भीतर व्याप्त काम, क्रोध, लोभ और अहंकार रूपी रावण का वध कर सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भ

गवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाकर ही हम एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज में नशा रूपी रावण तेजी से फैल गया है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटना और अपराध की घटनाएं होती रहती हैं। युवा पीढ़ी इस नशा रूपी जहर की चपेट में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है। विजयादशमी के इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना होगा कि हम इस नशा रूपी जहर को छोड़ें और अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उन्हें सही मार्ग दिखाएं। तभी हम एक स्वस्थ और संस्कारित समाज का निर्माण कर पाएंगे। विधायक ललित चंद्राकर ने प्रदेशवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि विजयादशमी केवल रावण के पुतले के दहन का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर की बुराइयों पर विजय प्राप्त करने और सद्गुणों को अपनाने का अवसर है।

पाटन के बाजारों में एक्सपाइरी खाद्य सामग्री बिकने की शिकायत

पाटन। दीपावली पर्व की गहमागहमी के बीच पाटन नगर के बाजारों में मिलावटी व एक्सपायरी खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर नागरिकों में चिंता व्याप्त है। त्योहार पर खरीदारी की भीड़ का फायदा उठाकर घटिया सामग्री खपाने की शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की सुस्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुराना बाजार चौक, भरर चौक सहित अन्य क्षेत्रों की किराना दुकानों, डेली नीड्स और नाश्ता सेंटरों की जांच की मांग जोर पकड़ रही है।

विद्यार्थियों ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



पीएम श्री सेजेस कुम्हारी द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के हेल्थकेयर विषय के विद्यार्थियों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), कुम्हारी में चार दिवसीय औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 123 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था की प्राचार्या डॉ. विजया श्रीवास्तव के नेतृत्व तथा हेल्थकेयर व्यावसायिक प्रशिक्षक संजय ठाकुर के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम 12 अक्टूबर से आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मरीज देखभाल, व्यक्तिगत स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नियमों तथा अस्पताल के प्रशासनिक कामकाज की जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों ने विभिन्न वार्डों व चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन कर किताबी ज्ञान को व्यावहारिक रूप में समझा। प्राचार्या डॉ. विजया श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता और व्यावसायिक कौशल का विकास होता है।

पेज 9 के शेष

बिजली लाइन के ....

जानकारी दी है। इससे पेड़ों की कटाई की वैधता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। **सरपंच ने जताया विरोध, ग्रामीण लामबंद:** ग्राम पंचायत पतोरा की सरपंच नेमीन युवराज साहू ने बिना अनुमति पेड़ों की कटाई पर आपत्ति जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ पर्यावरण संरक्षण और गांव की प्राकृतिक संपदा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे में बिजली लाइन बिछाने के नाम पर यदि नियमों की अनदेखी कर पेड़ों को काटा जा रहा है, तो इसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

बाइक से गांजा तस्करी करते ....

की। इस दौरान बाइक क्रमांक सीजी 25 पी 5535 में सवार प्रितोष सिंह ठाकुर (26) और विश्वनाथ सिंह ठाकुर (32), दोनों निवासी नवागांव कला, थाना दाढ़ी, जिला बेमेतरा को पकड़ा गया। **गांजा, बाइक और मोबाइल जब्त:** तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 19 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 50 हजार 950 रुपये बताई गई है, बरामद हुआ। इसके अलावा परिवहन में इस्तेमाल बाइक की कीमत करीब 35 हजार रुपये और दो मोबाइल की कीमत करीब 28 हजार रुपये आंकी गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 1 लाख 13 हजार 950 रुपये है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

खिलाड़ियों को ...

उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी हैदराबाद में बेहतर प्रदर्शन कर जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। साथ ही खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अरुण पाल, रूपेश कुमार, ज्ञानेश्वरी, भाले, किशन, सोम प्रभा, ऋषभ राजपूत, अंकित निर्मलकर और हेमंचंद भोसले सहित अन्य सहयोगियों का योगदान रहा। एसोसिएशन ने चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

दूसरे गांवों में भवन ...

लिए लाखों रुपये की स्वीकृति दी गई, तो निर्माण कार्य समय पर पूरा क्यों नहीं हुआ? यदि काम बीच में बंद हो गया था, तो संबंधित विभाग ने इसे पूरा कराने के लिए क्या कदम उठाए? मामले में मंडी बोर्ड दुर्ग संभाग के अंतर्गत बेमेतरा क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता जयपॉल कंवर से पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। ऐसे में निर्माण कार्य रुकने का वास्तविक कारण, अब तक हुए खर्च और काम पूरा करने की निर्धारित समयसीमा स्पष्ट नहीं हो सकी है।

प्रशासन से निर्माण पूरा कराने की मांग: बासीन और बुधवारा के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं राज्य शासन से अधूरे किसान भवन का निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ठेकेदार की लापरवाही से काम रुका है, तो जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। चार साल से अधूरे पड़े भवन का मामला सरकारी निर्माण कार्यों की निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग निर्माण पूरा कराने के लिए क्या कदम उठाता है।

जुआरियों पर हुई कार्रवाई



भिलाई। जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम गाडाघाट धमधा निवासी कमलेश वर्मा, हरि राम वर्मा, तेज राम पटेल, राम खिलावन यादव, तवर निषाद को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने नगद 11,100 रुपए ताश पत्ती आदि जब्त किया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा है।



खबर संक्षेप



मतपेटी की चोरी करने वाला और उसे खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

भिलाई। उप निर्वाचन कार्यालय के पास से मतपेटी की चोरी करने वाले को पुलिस ने पकड़ा। साथ में ही मतपेटी को कबाड़ के भाव में खरीदने वाले कबाड़ी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 18 अक्टूबर को संतराबाड़ी निवासी राजू सारथी उम्र 48 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह चुनाव कार्य की तैयारी हेतु ड्यूटी पर उपस्थित था। इसी दौरान लगभग 11 बजे ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय के चौकीदार ने कार्यालय में आकर बताया कि एक व्यक्ति पेटी उठाकर ले जा रहा है। जानकारी मिलने पर कार्यालय से बाहर निकलकर देखने पर पेटी ले जाने वाला अज्ञात व्यक्ति वहां नहीं मिला। इसके बाद स्थानीय निर्वाचन कार्यालय के मतपेटी रखने के गोदाम में जाकर जांच करने पर 10 मतपेटियां कुल कीमत 10 हजार रुपए गायब पाई गई। घटना के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रथम दृष्टया अपराध घटित होना पाए जाने पर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी की पतासाजी की गई।

जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन व कैल्शियम की दवा नहीं

भिलाई। जिला अस्पताल में इन दिनों गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन और कैल्शियम की दवा नहीं है। गर्भवती महिलाएं निजी मेडिकल स्टोर्स से अपने पैसे खर्च कर दवा लेने मजबूर हो रहे हैं। हर दिन 150 से ज्यादा गर्भवती महिलाएं यहां जांच और इलाज के लिए आ रही है। गर्भवती महिलाओं को शासन से आयरन और कैल्शियम की दवा मुफ्त में दी जानी है। इधर अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी नहीं दी गई है कि ये दवाएं खत्म हो गई है।

आरक्षण काउंटरों से रेलवे टिकट बनवाने पर भी मिलेगा यात्रियों को 10 लाख तक का बीमा

भिलाई। यात्रियों की सुविधा एवं यात्रा के दौरान वित्तीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा आरक्षण काउंटरों पीआरएस से आरक्षित टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी यात्रा बीमा की सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की गई है। यह सुविधा 27 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रही है। इस सुविधा के अंतर्गत आरक्षण काउंटर से टिकट बुक कराने वाले यात्री निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यात्रा बीमा का विकल्प चुन सकेंगे। इसके लिए टिकट बुकिंग के समय डिजिटल माध्यम से भुगतान तथा वैध मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बीमा के अंतर्गत निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप मृत्यु पर और पूरी तरह विकलांग होने पर 10 लाख रुपए तक की बीमा राशि दी जाएगी। यात्रा बीमा के अंतर्गत रेल दुर्घटना अथवा पॉलिसी में निर्धारित आकस्मिक घटनाओं की स्थिति में मृत्यु, स्थायी पूर्ण दिव्यांगता, स्थायी आंशिक दिव्यांगता, दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती होने पर चिकित्सा व्यय तथा पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए बीमा सुरक्षा का प्रावधान है।

600 घरों में 3 से 16 वर्ष तक के बच्चों की होगी जांच, डाइट के 60 छात्र-अध्यापक संभालेंगे जिम्मेदारी

बच्चों की पढ़ाई की खुलेगी पोल, 30 गांवों में घर-घर पहुंचेगी असर सर्वेक्षण की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बच्चे स्कूल जा रहे हैं या नहीं, पढ़ाई के स्तर में कितना सुधार हुआ है और वे वास्तव में कितना सीख पा रहे हैं, इसकी जमीनी हकीकत जानने के लिए जिले में असर सर्वेक्षण 2026 कराया जाएगा। इसके तहत जिले के चयनित 30 गांवों में 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को घर-घर जाकर बच्चों की शैक्षणिक स्थिति का आकलन किया जाएगा। सर्वेक्षण के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा के 60 छात्र-अध्यापकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सर्वेक्षण का उद्देश्य बच्चों के नामांकन के साथ उनकी वास्तविक सीखने की क्षमता का पता लगाना है। असर का पूरा नाम शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट है। प्रथम संस्था द्वारा वर्ष 2005 से कराया जा रहा यह सर्वेक्षण देश में बच्चों की बुनियादी शिक्षा की स्थिति जानने का प्रमुख नागरिक-आधारित प्रयास है। इसकी खासियत यह है कि सर्वेक्षण विद्यालयों के बजाय सीधे बच्चों के घरों में जाकर किया जाता है। इससे कागजों में दर्ज नामांकन और बच्चों की वास्तविक शैक्षणिक क्षमता के बीच की स्थिति समझने में मदद मिलती है।

600 घरों तक पहुंचेगी टीम: डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे और सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी थलज कुमार साहू ने बताया कि सर्वेक्षण के लिए जिले के 30 गांवों का चयन किया गया है। चयनित प्रत्येक गांव के 20 घरों में सर्वेक्षण किया जाएगा। इस तरह कुल 600 घरों तक सर्वेक्षण दल पहुंचेगा। गांवों का चयन नई दिल्ली से वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर किया गया है। सर्वेक्षण में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों की आंगनबाड़ी और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा में भागीदारी की जानकारी ली जाएगी। छह से 16 वर्ष तक के बच्चों के विद्यालय में नामांकन, पढ़ने-लिखने की बुनियादी क्षमता और गणितीय दक्षता का आकलन होगा। वहीं, 14 से 16 वर्ष तक के बच्चों की डिजिटल पहुंच, स्मार्टफोन के उपयोग और डिजिटल कौशल की स्थिति भी जांची जाएगी। इसके अलावा माता-पिता की शिक्षा और परिवार की घरेलू परिस्थितियों से संबंधित जानकारी भी दर्ज की जाएगी।

तीन दिन का प्रशिक्षण, फिर गांवों में उतरेंगे छात्र-अध्यापक

सर्वेक्षण कार्य के लिए डाइट के 60 छात्र-अध्यापकों को 27 से 29 अक्टूबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए डाइट के द्वितीय वर्ष की छात्र-अध्यापिकाओं नेहा जुर्री, करुणा और रितिका वर्मा को मुख्य प्रशिक्षक बनाया गया है। तीनों ने कुरुद में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में भाग लिया है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद छात्र-अध्यापक दो-दो के समूह में चयनित गांवों में जाकर सर्वेक्षण करेंगे। सर्वेक्षण दल पहले गांव का प्रारंभिक नक्शा तैयार करेगा। इसके बाद चयनित 20 घरों में पहुंचकर तीन से 16 वर्ष तक के बच्चों का उनके माता-पिता की उपस्थिति में आकलन किया जाएगा। सर्वेक्षण की निगरानी मुख्य प्रशिक्षकों, डाइट के अकादमिक सदस्यों, खंड शिक्षा अधिकारियों, खंड स्रोत समन्वयकों और जिला स्तरीय शिक्षा अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

निपुण भारत और डिजिटल शिक्षा पर रहेगा जोर

असर सर्वेक्षण बच्चों की शैक्षणिक स्थिति का आकलन करने के साथ बुनियादी शिक्षा की चुनौतियों को समझने का भी माध्यम है। वर्ष 2026 के सर्वेक्षण में निपुण भारत मिशन और डिजिटल शिक्षा पर विशेष ध्यान रहेगा। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले छात्र-अध्यापकों को समुदाय के बीच काम करने का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। साथ ही उन्हें मिलने वाला प्रमाणपत्र सामुदायिक कार्य और प्रशिक्षण संबंधी अभिलेखों के लिए उपयोगी होगा।

वार्ड 16 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी 'मन की बात'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड का रविवार को वार्ड क्रमांक 16 में सामूहिक श्रवण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और समाजहित में जनभागीदारी बढ़ाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 12 वर्षों के सफर का उल्लेख करते हुए इसे देशवासियों के परिश्रम, समर्पण और सेवा भाव को जानने की तीर्थयात्रा बताया। उन्होंने पंजाब में प्राकृतिक कपास की खेती और पारंपरिक बुनाई को प्रोत्साहन देने, उत्तराखंड में हेवल नदी के संरक्षण तथा दीपावली और छठ पर्व के दौरान स्वच्छता बनाए रखने जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री के संदेशों को समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की प्रेरणा बताया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, सभापति नीतू कोठारी, सभापति गौरव साहू, सोसायटी अध्यक्ष दोहाई वर्मा, भानु साहू, चंद्रशेखर वर्मा, देव राम साहू, अभय निर्भय, पप्पू देवांगन, मनीष छाबड़ा, रोशन वर्मा, गजाधर साहू, सूरज साहू, अधवा साहू और सुरेंद्र साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिला व चारों ब्लॉक का पुनर्गठन, कर्मचारी हितों की रक्षा का लिया संकल्प

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला बेमेतरा के पुनर्गठन के बाद नवनियुक्त जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों का शपथ-ग्रहण समारोह पुराना रेस्ट हाउस स्थित सभागार में संपन्न हुआ। समारोह में पदाधिकारियों ने कर्मचारी-अधिकारी हितों के संरक्षण, संगठन की मजबूती और एकजुटता के साथ कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम में प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी, सर्व समाज जिलाध्यक्ष दुर्ग भानुप्रताप यादव, फेडरेशन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर, सर्व शिक्षक फेडरेशन के संगठन सचिव नरोत्तम मांडले तथा पूर्व संयोजक बलदाऊ पटेल उपस्थित रहे। जिला संरक्षक अश्वनी बेनर्जी, राजेंद्रकुमार वर्मा एवं रोमनलाल जायसवाल की भी मौजूदगी रही। जिला स्तर पर नानक साहू को संयोजक, हितेंद्र सिन्हा को उपसंयोजक और गैंदलाल खुटियारे को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। ब्लॉक स्तर पर बेमेतरा में राजेशकुमार ठाकुर संयोजक, हिरदेशाय जोशी उपसंयोजक और दानेंद्र मार्कण्डेय महासचिव बनाए गए। साजा में भूपेंद्रसिंह राजपुरोहित संयोजक, नीलकमल साहू एवं विनय शर्मा उपसंयोजक तथा नरेंद्रकुमार बघेल महासचिव नियुक्त किए गए। इसी तरह बेरला में सुरेन्द्र पटेल को संयोजक, संतोषकुमार वर्मा को उपसंयोजक और जे. एस. नाटिया को महासचिव बनाया गया। नवागढ़ में सेउकराम साहू संयोजक, अजीम शेख उपसंयोजक और टुपेश्वर भारती महासचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। अतिथियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया और उन्हें दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई।



संगठन की मजबूती पर जोर

अतिथियों ने कहा कि पुनर्गठन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और जिला व ब्लॉक स्तर पर गतिविधियां अधिक प्रभावी होंगी। कर्मचारी-अधिकारियों के हितों की रक्षा, अधिकारों के संरक्षण और आपसी एकता के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं। समारोह में जिले के चारों ब्लॉकों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी फेडरेशन के जिला मीडिया प्रभारी के. एस. परते ने दी।

नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी को परखने 55 विद्यार्थियों ने दिया मॉक टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के अभ्यास और आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खाती में मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के गांवों के 55 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी तैयारी को परखा। मॉक टेस्ट में खाती, अकोला, ढेकापुर, डगनिया, पतोरा, बंशापुर, खिलोरा और राजकुड़ी सहित आसपास के गांवों के विद्यार्थी शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा के प्रारूप से परिचित कराना, परीक्षा के प्रति झिझक दूर करना तथा समय प्रबंधन और प्रश्नों को हल करने की क्षमता विकसित करना था।

- खाती में हुआ आयोजन, ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को परीक्षा प्रारूप से परिचित कराने की पहल

आयोजन में शासकीय प्राथमिक शाला खाती के प्रधान पाठक डीके देवांगन, कांता कुमार साहू, मधु यादव और सहायक शिक्षक यादराम साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के साथ परीक्षा के सुचारु संचालन में सहयोग किया। मॉक टेस्ट के लिए विद्यालय में स्थान उपलब्ध कराने पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खाती की प्राचार्य के. नागवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

ग्रामीण विद्यार्थियों को मिलेगा अभ्यास का अवसर

आयोजकों के अनुसार, मॉक टेस्ट से विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा की तैयारी करने, अपनी कमजोरियों को पहचानने और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास का अवसर उपलब्ध कराकर जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता के लिए तैयार करना है।

खिलोरा स्कूल में सहयोग संस्था ने रोपे 101 पौधे संरक्षण और हरियाली बढ़ाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



जल, जंगल, जमीन के संरक्षण और स्वच्छता के लिए कार्यरत संस्था सहयोग बेमेतरा ने ग्राम खिलोरा के शासकीय हाईस्कूल परिसर में 101 पौधों का रोपण किया।

सुशील शर्मा के सौजन्य से संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू सहित ग्रामीणों, स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों और लक्ष्य ग्रुप के कैडेट्स ने पौधे लगाए। यह आयोजन शर्मा ज्वेलर्स के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि पेड़ों की जरूरत हमें है, पेड़ों को हमारी नहीं। पेड़ नहीं रहेंगे तो धरती पर जीवन संभव नहीं होगा। उन्होंने जल, जंगल, जमीन के संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौबे ने कहा कि पौधे हमारा भविष्य हैं, इसलिए उनका रोपण करने के साथ संरक्षण भी जरूरी है। कार्यक्रम में प्राचार्य पीआर पात्रे, सरपंच घनाराम साहू सहित अन्य अतिथियों ने विचार रखे। छात्राओं ने स्कूल में बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग विधायक के समक्ष रखी। इस अवसर पर नीम, करंज, आम, पेल्ट्रा, मौलश्री और पीपल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। संस्था की ओर से सुशील शर्मा और विधायक दीपेश साहू का प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। पौधरोपण से प्रेरित होकर ग्राम खिलोरा के रोहित साहू ने संस्था को 5 हजार रुपये की सहायता दी। वहीं बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 7 निवासी राजेश मारखंडे ने अपने जन्मदिन पर पौधरोपण के लिए 5 हजार रुपये प्रदान किए। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पेखम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, रोहित साहू, राधे साहू, नीतू कोठारी सहित संस्था के सदस्य, ग्रामीण और विद्यार्थी उपस्थित थे। संस्था ने लोगों से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने की अपील की।

भेंडरवानी स्कूल की अनूठी पहल, लर्निंग पासपोर्ट से अभिभावक भी जान सकेंगे बच्चों की शैक्षणिक प्रगति

हर स्तर पूरा करने पर मिलेगा स्टार सीखने के लिए बढ़ेगा बच्चों का उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने और उनकी शैक्षणिक प्रगति को प्रोत्साहित करने शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरवानी, विकासखंड साजा में 'लर्निंग पासपोर्ट' की अभिनव पहल की गई है।

इसके तहत बच्चे सीखने के निर्धारित स्तरों को पूरा करेंगे और प्रत्येक स्तर पर दक्षता हासिल करने पर उन्हें स्टार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। इस नवाचार से पढ़ाई को रोचक बनाने के साथ बच्चों में आगे बढ़ने की ललक जगाने का प्रयास किया जा रहा है। लर्निंग पासपोर्ट में बच्चों की सीखने संबंधी दक्षताओं के अलग- अलग स्तर निर्धारित किए गए हैं। बच्चा जब किसी स्तर की दक्षता हासिल कर लेता है, तो उसे उपलब्धि के प्रतीक के रूप में स्टार दिया जाता है। यह स्टार बच्चों के लिए केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि उनकी मेहनत और प्रगति को पहचानने का माध्यम है। इससे वे अपनी उपलब्धियों को देख सकेंगे और अगले स्तर तक पहुंचने के लिए प्रेरित होंगे। इस पहल की खास बात यह है कि लर्निंग पासपोर्ट के माध्यम से अभिभावक भी अपने बच्चों की वास्तविक शैक्षणिक प्रगति समझ सकेंगे। उन्हें यह जानने में मदद मिलेगी कि उनका बच्चा किस स्तर तक पहुंचा है और आगे किन दक्षताओं पर काम करने की जरूरत है। इससे शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों की सीखने संबंधी कठिनाइयों को दूर करने में सहयोग कर सकेंगे।

तुलना नहीं, व्यक्तिगत प्रगति पर जोर

लर्निंग पासपोर्ट का उद्देश्य केवल बच्चों का मूल्यांकन करना नहीं, बल्कि उनकी क्षमता और सीखने की गति के अनुरूप आगे बढ़ने के अवसर देना है। इस पहल में दूसरे बच्चों से तुलना करने के बजाय प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत प्रगति को महत्व दिया गया है। शिक्षक भी बच्चों की जरूरत के अनुसार उनकी उपलब्धियों और कठिनाइयों पर ध्यान दे सकेंगे।विद्यालय की यह पहल सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक, व्यवस्थित और प्रोत्साहनपूर्ण बनाने के साथ अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इसका मूल संदेश है कि हर बच्चा सीख सकता है, हर स्तर एक नई उपलब्धि है और हर उपलब्धि प्रोत्साहन की हकदार है।

138 श्रमिकों से किया संवाद, 26 एकड़ में फलदार पौधारोपण की सराहना

मनरेगा के कामों का आयुक्त ने किया निरीक्षण, रोजगार सृजन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुक्त तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण, ट्रेंच निर्माण, आंगनवाड़ी भवन, स्कूल शौचालय और फलदार वृक्षारोपण सहित विभिन्न कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा सभी कार्यों को गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) एवं विकसित भारत-जी राम जी योजना के आयुक्त तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के संचालक सिन्हा ने धार-अपार अभियान के तहत नदी किनारे चल रहे जल संरक्षण एवं ट्रेंच निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कार्यस्थल पर मौजूद 138 श्रमिकों को योजना की जानकारी देते हुए समय पर मजदूरी भुगतान के संबंध में अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने एनएमएमएस ऐप के माध्यम से स्वयं श्रमिकों की उपस्थिति भी दर्ज की। आयुक्त ने ग्राम पंचायत ताला में आंगनवाड़ी भवन निर्माण तथा चारभाठा में स्कूल शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।



ग्राम पंचायत बाबामोहतरा में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं और श्रमिकों से संवाद कर आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों की जानकारी ली तथा ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने पर चर्चा की।

कुएं का जलस्तर मापकर ऐप में किया अपलोड

25 अक्टूबर से प्रारंभ पोस्ट मानसून जलदूत ऐप के माध्यम से कुओं के जलस्तर मापन कार्य का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत कठिया में आयुक्त सिन्हा ने स्वयं एक कुएं के जलस्तर की रीडिंग लेकर उसे ऐप में अपलोड किया। इस पहल के माध्यम से मानसून के बाद जलस्तर की स्थिति का आकलन करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

क्षेत्रीय निरीक्षण के बाद आयुक्त ने बेमेतरा सर्किट हाउस में जिला पंचायत और सभी जनपद पंचायतों के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, अधिकाधिक ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के दौरान राज्य स्तरीय टीम, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर, कार्यपालन अभियंता (आरईएस), एपीओ, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीओ, कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

